pilkha bhoomi sursjpur -04_manish 8/14/2025 11:48 PM Page 1

# पिलखा भूमि

PRGI.Reg.-CHHHIN/2023/88305
ईमेलः–manishvaidy538@gmail.com

वर्ष 02 अंक 11 संजयनगर (जिला सूरजपुर छ,ग ) से प्रकाशित हिंदी मासिक अगस्त 2025 पृष्ठ 8 मूल्य 5




## हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की सक्रिय भागीदारी

### स्कूटी और पैदल रैली में शामिल होकर लोगों को प्रेरित किया



ब

,11 अगस्त 2025 ष्हर घर तिरंगाष् अभियान के अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित तिरंगा रैलियों में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सक्रिय रूप से भाग लेकर राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जनमानस में उत्साह और सम्मान का संदेश दिया।मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इस अवसर पर कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे श्हर घर तिरंगाश अभियान को जन–जन तक पहुँचाना हमारा कर्तव्य है। यह अभियान केवल उत्सव नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर तिरंगा फहराकर देश के प्रति प्रेम और सम्मान प्रद- र्शित करें।

10 अगस्त को भैयाथन में आयोजित मंडल स्तरीय तिरंगा रैली में मंत्री राजवाड़े स्कूटी रैली और पैदल मार्च में शामिल हुईं। इस अवसर पर वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, भाजपा नेता शीतल गुप्ता तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

11 अगस्त को सूरजपुर जिले के ग्राम लटोरी में आयोजित तिरंगा रैली में भी मंत्री राजवाड़े ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष ठाकुर सिंह पैकरा, जिला पंचायत सदस्य किरण केराम, भाजपा नेता अशोक अग्रवाल, भाजपा नेता महेश्वर पैकरा सहित कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने रैली में भाग लेकर देशभक्ति का परिचय दिया।

## लापरवाही पर बतौली बी एम ओ और जे डी एस ड्राइवर को सस्पेंड करने के लिए विधायक ने जिला चिकित्सा अधिकारी को किया फोन ,, तत्काल हटाने के लिए निर्देश ,,




पिलखाभूमि. सीतापुर

10.08.2025 देर शाम तीन लोगों का एक्सीडेंट हो गया था जिनको शांतिपारा हॉस्पिटल इलाज के लिए लाया गया हॉस्पिटल स्टाफ की लापरवाही के चलते एक बच्ची और उसकी माता की मौत हो गई पर एक व्यक्ति बुरी तरह से घायल है जिसको अंबिकापुर इलाज के लिए रेफर किया गया था

परन्तु एक घंटे तक हॉस्पिटल स्टाफ की लापरवाही के चलते गाड़ी नहीं मिली

जैसे ही सीतापुर विधायक को जानकारी मिली तत्काल मौके पर पहुंचे और बी एम ओ को उसकी लापरवाही के चलते तत्काल सस्पेंड करने के लिए जिला चिकित्सा अधिकारी को सस्पेंड करने के लिए निर्देश दे दिया गया है और जे डी एस ड्राइवर को तत्काल नौकरी से निकालने के लिए निर्देशित कर दिया गया है,,

## सांसद चिंतामणि महाराज के नेतृत्व में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

पिलखाभूमि संवाददाता.
समृद्ध मंडल




बलरामपुर, 14 अगस्त 2025 आजादी के अमृत महोत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न स्तर पर देशभक्ति और सामाजिक सद्भाव से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में सरगुजा सासंद चिंतामणि महाराज के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल, जिला पंचायत नयनतारा सिंह तोमर, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष लोधी राम एक्का, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, जनपद अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा, उपाध्यक्ष श्रीमती बबली देवी, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे। साथ ही सहित विद्यालयों के छात्र–छात्राएं एवं आम नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कलेक्टर निवास परिसर पुराना बस स्टैंड से हुआ, यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिंद जैसी गूंज से पूरा मार्ग देशभक्ति के रंग में रंग गया। रैली में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया। मुख्य मार्गों से गुजरते हुए यह यात्रा शहर के प्रमुख चौक–चौराहों से होते हुए सेजेस हिंदी माध्यम स्कूल मैदान रैली का समापन हुआ। जिसमें सभी उपस्थित जन राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर शामिल हुए। तिरंगा यात्रा ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व नागरिकों, युवाओं, महिलाओं सभी जनों में देश प्रेम के लिए नई ऊर्जा भी भर दी।

हाई स्कूल खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत राखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका दीदियों ने अनूठी पहल करते हुए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों को कागज, ऊन, प्राकृतिक फूल, पत्तों से तैयार की गई तिरंगा राखी बांधकर राष्ट्रप्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। दीदियों ने स्वयं अपने हाथों से रंग–बिरंगे कागज और प्राकृतिक रंगों का प्रयोग कर तिरंगा राखी तैयार की। इसमें तीनों रंग केसरिया, सफेद और हरा बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाए गए साथ ही बीच में अशोक चक्र की नीली आभा ने इसे और भी खास बना दिया।

सांसद चिंतामणि महाराज ने स्थानीय बोली में संबोधन करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई। उन्होंने कहा कि हमे गर्व होना चाहिए कि भारत माता एवं राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान में यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान सांसद महाराज ने हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत सभी से अपनी सहभागिता दिखाने की बात कहते हुए स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी।

इस अवसर पर सांसद ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए हर नागरिक को नशे के खिलाफ जागरूक और सतर्क रहने का संदेश दिया। उन्हांेने कहा कि नशामुक्ति के लिए संकल्प लें और आस–पास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभाव के बारे में बताएं और नशे से दूर रहने प्रेरित करें। कार्यक्रम के अंत में सांसद महाराज ने तिरंगा सेल्फी जोन में अपनी फोटो भी खिचाई। साथ ही जनप्रतिनिधियों और आम नागरिक, युवा सेल्फी जोन में फोटो भी ली।

## अम्बिकापुर में सद्भावना स्वतंत्रता दौड का हुआ आयोजन....जनप्रतिनिधियों सहित आईजी, कलेक्टर एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक हुए शामिल....स्वतंत्रता दौड़ के माध्यम से देशभक्ति एवं एकता का दिया संदेश

पिलखाभूमि अम्बिकापुर



14 अगस्त 2025 छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें रजत जयंती वर्ष के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग सरगुजा के तत्वावधान में आज अम्बिकापुर में सद्भावना स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, अम्बिकापुर नगर निगम महापौर मंजूषा भगत, नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, पार्षद आलोक दुबे सहित जनप्रतिनिधि एवं पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा, कलेक्टर विलास भोसकर, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अगवाल खेल एवं युवा कल्याण विभाग के उप संचालक रामकुमार सिंह जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा सहित प्रशासनिक अधिकारी सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मल्टीपरपज स्कूल से जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। स्वतंत्रता दौड़ महामाया चौक, घड़ी चौक से होते हुए गांधी स्टेडियम में संपन्न हुई। बड़ी संख्या में शामिल स्कूली बच्चों और नागरिकों के उत्साहित भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दौड़ हमें देशभक्ति और एकता की भावना से जोड़ते हुए समाज में आपसी सहयोग और सद्भाव को मजबूत करती है।

अम्बिकापुर नगर निगम महापौर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस से पूर्व आयोजित यह कार्यक्रम हमें देशभक्ति और एकता के सूत्र में बांधता है। उन्होंने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का संदेश देते हुए नागरिकों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की।पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा ने कहा कि सर्वधर्म समभाव ह एकता की पहचान कराता है।बल्कि राष्ट्रप्रेम, भाईचारा और सामाजिक सद्भाव का संदेश देने वाला आयोजन है।कलेक्टर विलास भोसकर ने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दौड़ केवल एक खेल गतिविधि नहीं है, बल्कि यह हमें अपने देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान की याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं और बच्चों में देशभक्ति, अनुशासन और एकता की भावना को मजबूत करता हैंस्वतंत्रता दौड़ में शामिल प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को जनप्रतिनिधियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनका मनोबल बढ़ाया।

pilkha bhoomi sursjpur -04_manish 8/14/2025 11:48 PM Page 2



# समस्त क्षेत्रवासियों को, स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं,,



















































pilkha bhoomi sursjpur -04_manish 8/14/2025 11:48 PM Page 3



समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,,



श्री शैलेंद्र प्रताप सिंह
प्रदेश सचिव.प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ:ग



श्री आशीष शील
प्रदेश अध्यक्ष यूथ INTUC छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,,
लक्ष्मी नारायन सिदार
CEO एवं समस्त स्टाफ
जनपद पंचायत बतौली
जिला सरगुजा छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,,



श्री नरेंद्र यादव
जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस
जिलाध्यक्ष जिला सूरजपुर छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
INDIA INDEPENDENCE
आबकारी विभाग
एवं समस्त स्टाफ
जिला सूरजपुर छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,,
राजेश सिंह शेगार
CEO एवं समस्त
स्टाफ
जनपद पंचायत अंबिक.
पुर जिला सरगुजा छ:ग
वंदे मातरम

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,,
श्रवण कुमार मरकाम
CEO एवं समस्त स्टाफ
जनपद पंचायत सीतापुर
जिला सरगुजा छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,,
INDIA INDEPENDENCE
क्रेडा विभाग
एवं समस्त स्टाफ
जिला सूरजपुर छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
जल संसाधन विभाग
एवं समस्त स्टाफ
जिला सूरजपुर छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
संजय कुमार दुबे
CEO एवं समस्त स्टाफ
जनपद पंचायत राजपुर
जिला बलरामपुर छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
डॉ अभिषेक पांडे
CEO एवं समस्त स्टाफ
जनपद पंचायत कुसमी
जिला बलरामपुर छ:ग
वंदे मातरम

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
मो निजामुद्दीन
CEO एवं समस्त स्टाफ
जनपद पंचायत वाड्रफनगर
जिला बलरामपुर छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
जल संसाधन विभाग
एवं समस्त स्टाफ
अंम्बिकापुर जिला सरगुजा छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,



श्री काली राम
एवं समस्त स्टाफ
वन परिक्षेत्र अधिकारी
कुसमी जिला
बलरामपुर छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
INDIA INDEPENDENCE
आबकारी विभाग
एवं समस्त स्टाफ
अंम्बिकापुर जिला
सरगुजा छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
क्रेडा विभाग
एवं समस्त स्टाफ
अंम्बिकापुर जिला सरगुजा छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
श्री अमन कुमार गुप्ता
उद्यान अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ
राजपुर जिला बलरामपुर छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
आयुर्वेद विभाग
एवं समस्त स्टाफ
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
उप संचालक उद्यान
एवं समस्त स्टाफ
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
लोक निर्माण विभाग
एवं समस्त स्टाफ
अंम्बिकापुर जिला सरगुजा छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
INDIA INDEPENDENCE
श्रम विभाग
एवं समस्त स्टाफ
अंम्बिकापुर जिला
सरगुजा छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
श्री अमूल रतन राय
एवं समस्त स्टाफ
वन परिक्षेत्र अधिकारी चांदो
जिला बलरामपुर छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं,
श्री निखिल सक्सेना
एवं समस्त स्टाफ
वन परिक्षेत्र अधिकारी
रामानुजगंज जिला बलरामपुर छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
वन परिक्षेत्र अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ
जिला बलरामपुर छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
जिला शिक्षा अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
वन परिक्षेत्र
अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ
जिला सूरजपुर छ:ग
वंदे मातरम

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं,
उप संचालक उद्यान
एवं समस्त स्टाफ
जिला सूरजपुर छ:ग

समस्त क्षेत्रवासियों को,
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं,
श्री नारायण सिंह
उद्यान अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ
शंकरगढ जिला बलरामपुर छ:ग

pilkha bhoomi sursjpur -04_manish 8/14/2025 11:48 PM Page 4

पिलखा भूमि

छत्तीसगढ़ समाचार

सूरजपुर से प्रकाशित हिंदी मासिक समाचार पत्र



















# जन्म से दृष्टहीन 6 वर्ष की बालिका अब देखेगी किसी और की आँखों से दुनिया



## कॉर्निया प्रत्यारोपण ( केराटोप्ला. स्टी ) की चार जटिल शल्य क्रियाएं सफलतापूर्वक संपन्न
## नेत्रदान सिर्फ एक अंगदान नहीं, किसी के जीवन को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना है: स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल

**पिलखाभूमि. रायपुर,**


14 अगस्त 2025 पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित नेत्र रोग विभाग सह क्षेत्रीय नेत्र संस्थान के कुशल एवं दक्ष नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम द्वारा हाल ही में कॉर्निया प्रत्यारोपण (केराटोप्लास्टी) की एक के बाद एक चार जटिल शल्य क्रियाएं सफलतापूर्वक संपन्न की गई हैं।

चारों मरीजों में कॉर्निया प्रत्यारोपण डॉ. निधि पांडे के मार्गदर्शन में डॉ. रेशु मल्होत्रा, डॉ. स्मृति गुप्ता (कार्निया विशेषज्ञ) तथा डॉ. अंजू भास्कर द्वारा किए गए। सभी मरीजों में शल्य चिकित्सा के पश्चात संतोषजनक सुधार देखा जा रहा है। यह उपलब्धि नेत्र रोग विभाग की विशेषज्ञता, उच्च गुणवत्ता वाली शल्य चिकित्सा सुविधा तथा टीम वर्क का प्रमाण है। कार्निया विशेषज्ञ डॉ. स्मृति गुप्ता के अनुसार हाल ही में किए गए कॉर्निया प्रत्यारोपण ने सबसे छोटी मासूम मरीज की अंधेरी दुनिया में रोशनी भर दी है। जन्म से ही कॉर्नियल ओपेसिटी के कारण दोनों नेत्रों से पूर्णतः दृष्टिहीन बालिका की दृष्टि में लगातार सुधार हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अम्बेडकर अस्पताल की इस बड़ी कामयाबी पर कहा है कि एक बार फिर यह साबित हो गया है कि नेत्रदान सिर्फ एक अंगदान नहीं, बल्कि किसी के जीवन को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना है। उन्होंने कहा कि वो उन लोगों को तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं जिन्होंने नेत्रदान जैसा महान कार्य करने का निर्णय लिया और अब उन लोगों की आंखों से जरूरतमंद लोग इस खूबसूरत दुनिया को देख पाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने लोगों से अपील की है कि वो नेत्रदान के लिए आगे आएं ताकि और भी जरूरतमंद लोगों को अंधेरे से उजाले की तरफ आने का मौका मिल सके।

इस उपलब्धि पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा है कि हमारे नेत्र रोग विभाग द्वारा हासिल की गई यह उपलब्धि न केवल चिकित्सकीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का भी श्रेष्ठ उदाहरण है। छह वर्षीय बालिका के जीवन में रोशनी लौटाने का प्रयास करना इस संस्थान के लिए गर्व की बात है। यह संभव हुआ है, हमारे विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और नेत्रदान करने वाले उन नेत्रदाताओं के सहयोग से।ß

विदित हो कि नेत्र रोग विभाग में नेत्र से सम्बन्धित सामान्य एवं गंभीर बीमारियों के लिए अत्याधुनिक उपचार सुविधा उपलब्ध है। विभाग में वर्तमान में आधुनिक एवं नवीनतम नेत्र उपचार के उपकरणों उपलब्ध है, जिससे नेत्ररोगियों का उपचार एवं शल्यक्रिया सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

# मुखबिर की सूचना पर जशपुर पुलिस ने छुड़ाया 13 नग गौ वंशों को तस्करों के चंगुल से



**पिलखाभूमि. जशपुर**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के नेतृत्व व दिशानिर्देश पर गौ तस्करी के खिलाफ,जशपुर पुलिस का ऑपरेशन शंखनाद निरंतर जारी है, इसी क्रम में जशपुर पुलिस के द्वारा चौकी मनोरा क्षेत्र से फिर 13 नग गौ वंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराने में सफलता मिली है।

दिनांक 13.08.25 की रात्रि को चौकी मनोरा पुलिस को मुखबीर के जरिए पुख्ता सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति चौकी मनोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम टेंपू , डांडटोली नदी के रास्ते,12 से 13 नग गौ वंशों को हांक कर, बेरहमी पूर्वक मारते पीटते हुए, पैदल झारखंड की ओर ले जा रहे हैं। जिस पर चौकी मनोरा, पुलिस के द्वारा सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, त्वरित कार्यवाही कर पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना अनुसार ग्राम चढ़िया , लावा नदी के पास स्थित निर्माणाधीन पुल के पास जाकर देखा तो पाया कि दो व्यक्ति गौ वंशों को हांकते हुए, तेजी से ले जा रहे हैं, पुलिस के द्वारा जब तस्करों को पकड़ने हेतु घेराबंदी की जा रही थी, इसी दौरान तस्कर, पुलिस को देख रात्रि का फायदा उठा कर फरार हो गए, पुलिस ने मौके से सभी 13 नग गौ वंशों को सकुशल बरामद कर लिया है व पशु चिकित्सक से गौ वंशों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। पुलिस के द्वारा फरार तस्करों की पता साजी की जा रही है, जिन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा।

मामले में पुलिस के द्वारा आरोपी गौ वंश तस्करों के विरुद्ध चौकी मनोरा थाना जशपुर में छ ग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 10 व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(क)(घ) तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया है।

मामले की कार्यवाही व गौ वंशों की सकुशल बरामदगी में चौकी प्रभारी मनोरा उप निरीक्षक दिनेश कुमार पुरैना, सहायक उप निरीक्षक बाल कृष्णा भगत, प्रधान आरक्षक वितीन राम, प्रीतम टोप्पो, आरक्षक रोशन पैंकरा, भीख राम राम, रविन्द्र सिंह, व जगजीवन राम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर अनिल कुमार सोनी ने बताया कि ऑपरेशन शंखनाद के तहत चौकी मनोरा क्षेत्र से 13 गौ वंशों को तस्करों से मुक्त कराया गया है, तस्करी में संलिप्त लोगों की पता साजी की जा रही है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा, गौ तस्करी में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

# रैम्प योजना के तहत उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम संपन्न



## सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों और बैंकों के बीच हुआ सीधा संवाद

**पिलखाभूमि.राजनांदगांव**

14 अगस्त 2025 रेजिंग एण्ड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना (रैम्प) के तहत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा छत्तीसगढ़ के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों एमएसएमई को पारंपरिक बैंकिंग साधनों से आगे बढ़कर वैकल्पिक वित्तीय स्त्रोतों से सहायता प्राप्त करने एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से होटल अवाना में उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के सेक्टर को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि जिले के दर्जनों सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों, महिला उद्यमियों के प्रतिनिधियों, पीएमएफएमई व पीएमईजीपी योजना और स्टार्टअप ने भाग लिया। कार्यक्रम में बैंक भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक सहित अन्य बैंकों के अधिकारियों ने उद्यमियों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं, मुद्रा योजना और सीजीटीएमएसई के लाभों की जानकारी दी। बैंक अधिकारियों ने उद्यमियों की समस्याओं का समाधान और मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बैंक अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला। उद्यमियों ने अपने व्यापार से जुड़ी समस्याओं को साझा किया। इस अवसर पर शहरी एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधि, अग्रणी जिला प्रबंधक, विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, औद्योगिक संगठन एवं स्थानीय उद्यमी उपस्थित थे।

# तस्करों को अवैध रूप से गांजा सप्लाई करने वाले आरोपी ष्पुरस्तम ष्को उड़ीसा से ढूंढ लाई जशपुर पुलिस, गिरफ्तार कर ,भेजा जेल

**पिलखाभूमि. जशपुर**

दिनांक 16.02.25 को चौकी कोतबा पुलिस को मुखबिर की सूचना मिली थी कि, कुछ व्यक्ति सफेद रंग की मारुति ब्रेजा कार क्रमांक ब्ळ10ठम्3848 में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा का परिवहन कर उड़ीसा राज्य से होते हुए ग्राम ग्राम बुलडेगा, रा. जाआमा होते हुए लुड़ेग की ओर जा रहे हैं, जिस पर पुलिस के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पर पुलिस की टीम के द्वारा घेरा बंदी कर ग्राम राजाआमा में आरोपी चौतन्य यादव उम्र 27 वर्ष निवासी बरखुरिया, थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ (छ. ग) के कब्जे से 98 किलो 600 ग्राम अवैध गांजे को बरामद किया गया था, व आरोपी चौतन्य यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था।

पुलिस की पूछताछ पर आरोपी चौतन्य यादव से मालूम चला था कि उक्त अवैध मादक पदार्थ गांजा को वह उड़सिा निवासी आरोपी पुर स्तम बारीक से खरीदा था , अतः जशपुर पुलिस के द्वारा आरोपी चौतन्य यादव के निशानदेही पर, आरोपी गांजा सप्लायर पुरस्तम बारीक की लगातार पतासाजी की जा रही थी, जिसके लिए पुलिस ने अपने मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया था व पुलिस की टेक्निकल टीम की भी मदद ली जा रही थी, पुलिस की टेक्निकल टीम के द्वारा आरोपी



गांजा सप्लायर पुरस्तम बारीक को लगातार ट्रेस किया जा रहा था साथ ही पुलिस उसके छिपने की संभावित ठिकानों पर भी दबिश दे रही थी, परंतु पुरस्तम बारीक, इतना शातिर था कि बार बार अपना ठिकाना बदल रहा था।

इसी दौरान पुलिस को टेक्निकल टीम की मदद से पता चला कि आरोपी गांजा सप्लायर पुरस्तम बारीक उड़ीसा राज्य में अपने ग्राम टटरकिला में देखा गया है, जिस पर पुलिस की टीम के द्वारा ग्राम टीटरकिला (उड़ीसा) जाकर, आरोपी के घर की घेरा बंदी कर आरोपी पुरस्तम बारीक को हिरासत में ले कर कर वापस लाया गया।

पुलिस की पूछताछ पर आरोपी पुरस्तम बारीक उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम टटरकिला , थाना बानसुनी , जिला बोधा,(उड़ीसा) के द्वारा अपराध स्वीकार करते हुए बताया गया कि, उसका पूर्व में गिरफ्तार आरोपी चौतन्य यादव के साथ व्हाट्स एप के माध्यम से बातचीत होती थी, बातचीत के दौरान, उसी के द्वारा ही चौतन्य यादव को अवैध रूप से गांजा उपलब्ध कराया गया था।

पुलिस की पूछताछ पर अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर आरोपी पुरस्तम बारीक उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम टटरकिला , थाना बानसुनी , जिला बोधा,(उड़ीसा) को पुलिस के द्वारा विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

मामले की कार्यवाही व आरोपी की गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी कोतबा उप निरीक्षक बृजेश यादव , आरक्षक बूटा सिंह, अभय चौबे व पुस्तम यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर अनिल कुमार सोनी ने बताया कि चौकी कोतबा क्षेत्रांतर्गत एक गांजा तस्करी के मामले में, पुलिस ने बहुत ही प्रोफेशनल तरीके से एक गांजा सप्लायर को उड़ीसा से हिरासत में लेकर, गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है, मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने चिन्हित कर लिया गया है, इस प्रकार की मादक पदार्थों की तश्तरी में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जावेगा।

# हर घर तिरंगा अभियान मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने निज निवास पर फहराया तिरंगा





**पिलखाभूमि.सूरजपुर**

14 अगस्त 2025ß महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज बीरपुर स्थित अपने निज निवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर 'हर घर तिरंगा' अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और राष्ट्र के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आरंभ हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान आज करोड़ों भारतीयों को एक सूत्र में जोड़ते हुए जन–जन में राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल बनाने वाला सशक्त जन आंदोलन बन गया है। तिरंगा हमें उन असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस, बलिदान और तप की याद दिलाता है, जिन्होंने स्वतंत्र भारत का सपना देखा और उसे साकार किया।

राजवाड़े ने कहा कि आज 140 करोड़ भारतीय उसी सपने को साकार करने के लिए एकजुट होकर विकसित, सशक्त और विश्व में सर्वश्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से भी आह्वान किया कि वे स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों, कार्यालयों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा अवश्य फहराएं और इस राष्ट्रीय पर्व को गर्व एवं उत्साह के साथ मनाएं।

स्वामी, प्रकाशक मनीष वैद्य द्वारा मुद्रक रूपेश दुबे आर्यन ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस पावर हाउस रोड नमना कला अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ, ग से मुद्रित करा कर एम,जी रोड संजयनगर (अजबनगर) जिला सूरजपुर छ, ग से प्रकाशित। संपादक – मनीष वैद्य मो0 नं0 – 9165046978